प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

"मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से अम्रुत योजना में पहाड़ी राज्यों के लिए मापदंडों में ढील देने का किया आग्रह।
- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हिमाचल को बिजली उत्पादन बढ़ाने का दिया सुझाव।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– महिलाओं को पथ परिवहन निगम की बसों में किराए पर मिलने वाली 50 फीसदी छूट पहले की तरह रहेगी बरकरार।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का आरोप– अराजकता, अहंकार व अन्याय भरा रहा कांग्रेस सरकार का अब तक का कार्यकाल।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से हिमाचल जैसे कठिन भौगोलिक राज्यों को अटल नवीकरण व शहरी परिवहन मिशन अम्रुत योजना के तहत परियोजनाओं के लिए मापदंडों में ढील देने का आग्रह किया है। चंडीगढ़ में आज केंद्रीय आवास व शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के साथ एक बैठक के दौरान सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि अम्रुत योजना के तहत परियोजनाएं जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत की जाती है लेकिन ये मापदंड हिमाचल के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों की भी समय–समय पर समीक्षा की जानी चाहिए, क्योंकि परियोजनाओं की लागत समय के साथ बढ़ती रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हिमाचल प्रदेश सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है और इसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय से स्पीति जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के कारण होने वाली कठिनाईयों को कम करने के लिए बैटरी बैकअप के साथ एक मेगावाट सौर प्रणाली की अनुमति प्रदान करने का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री–2

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 3 सौ 62 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हिमाचल के प्रदर्शन की सराहना की और केंद्र से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिमला के समीप जाठिया देवी में नया शहर विकसित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इस पर काम चल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने राज्य को बिजली उत्पादन बढ़ाने का सुझाव भी दिया। बैठक में लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम को घाटे से उभारने के लिए खर्चों में कटौती और आय के साधन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। शिमला में आज निगम के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि निगम ने महिलाओं को बस किराए में मिलने वाली 50 प्रतिशत की छूट को बंद नहीं किया है और ये छूट पहले की तरह की बरकरार रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निगम ने न्यूनतम किराए में भी किसी तरह की बढ़ौतरी नहीं की है। अग्निहोत्री ने कहा कि परिवहन निगम में कंडक्टरों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और 3 सौ 57 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे। अग्निहोत्री ने कहा कि बैठक में निगम के दैनिक वेतन भोगियों का दैनिक वेतन 3 सौ 75 रुपये से बढ़ाकर 4 सौ रुपये करने का निर्णय लिया गया है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम अपने कर्मचारियों को वेतन और सेवानिवृत कर्मचारियों को पैंशन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शांडिल

स्वास्थ्य व सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के प्रति प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया है। सोलन ज़िले के नौणी स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में एन.सी.सी. के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। शांडिल ने कहा कि एनसीसी से युवाओं में चरित्र, अनुशासन व भाईचारा और निस्वार्थ सेवा की भावना विकसित होती है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िला के रिकांगपिओ में एक बैठक के दौरान करच्छम मंडल में चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी ने नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित सड़कों के लंबित कार्य भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि किसानों व बागवानों को उनकी नकदी फसलों को मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिल सके। इस बीच जनजातीय विकास मंत्री ने कल्पा विकास खंड में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा भी लिया।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उचित कदम उठा रही है। वे आज चंबा ज़िले की नगर पंचायत चुवाड़ी में विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि चुवाड़ी स्थित मुख्य द्वार को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चुवाड़ी में विभिन्न विकास कार्यों पर लगभग 2 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है।

भाजपा बैठक

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक आज ऊना में संपन्न हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह–प्रभारी संजय टंडन के अलावा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज, सिंकदर कुमार और हर्ष महाजन सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनविरोधी सरकार है, जिसने महंगाई बढ़ाने, संस्थानों को बंद करने और पूर्व सरकारों की योजनाओं को ध्वस्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और ड्रग व नशे का कारोबार सरकार के संरक्षण में चल रहा है। बिंदल ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा 25 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में मशाल यात्रा का आयोजन करेगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की योजनाओं व नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का आहवान किया।

भाजपा बैठक–2

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा कि पिछले 18 महीने में राज्य की कांग्रेस सरकार पूरी तरह हांफ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सुक्खू सरकार की नाकामियों व विफलताओं का व्यापक प्रचार करेगी। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले 18 महीने से चल रहा कांग्रेस का कार्यकाल अराजकता, अहंकार व अन्याय भरा रहा है। उन्होंने कहा कि ये सरकार जनता की वजाए मित्रों की सरकार बन गई है और मुख्यमंत्री के लिए जनहित नहीं मित्र हित सर्वोपरी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में 25 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेकर प्रदेश पर कर्ज का बोझ 95 हजार करोड़ पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी एक भी चुनावी गारंटी पूरी नहीं की है और केवल जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

मनोहर लाल

इस बीच केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज ऊना में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति बैठक के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा हमीपुर संसदीय क्षेत्र व हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का अवलोकन किया। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा 14 अप्रैल 2018 को 3 गाड़ियों से शुरू की गई थी जो आज बढ़कर 32 हो गई है। उन्होंने कहा कि सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा हिमाचल प्रदेश के दुर्गम इलाकों में लोगों को घर द्वार पर सेवाए उपलब्ध करवा रही है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िला में कोटखाई उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामनगर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि भवन निर्माण के लिए एक करोड़ 27 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति व वित्तीय अनुमोदन प्राप्त हुआ था, जिसमें से एक करोड़ 9 लाख रुपए की राशि लोक निर्माण विभाग को सौंप दी गई है।

अनिरूद्ध

शिमला ज़िला नियोजन विकास व 20 सूत्रीय कार्यक्रम की एक समीक्षा बैठक आज शिमला में ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश में होम–स्टे में बिजली व पानी की सुविधा कर्मिश्यल दरों के हिसाब से मुहैया करवाने का निर्णय कैबिनेट सब–कमेटी की बैठक में लिया गया है।

बैडमिंटन

शिमला जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप कल 20 जुलाई से शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में आरंभ हो रही है। यह प्रतियोगिता 23 जुलाई तक चलेगी। शिमला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के पैटर्न बलवंत झौटा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले भर से दो सौ से अधिक महिला व पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से अम्रुत योजना में पहाड़ी राज्यों के लिए मापदंडों में ढील देने का किया आग्रह।
- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हिमाचल को बिजली उत्पादन बढ़ाने का दिया सुझाव।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– महिलाओं को पथ परिवहन निगम की बसों में किराए पर मिलने वाली 50 फीसदी छूट पहले की तरह रहेगी बरकरार।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का आरोप– अराजकता, अहंकार व अन्याय भरा रहा कांग्रेस सरकार का अब तक का कार्यकाल।

———————————————